भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2121
उत्तर देने की तारीख : 04.07.2019

लघु और मध्यम उद्योगों के लिए वित्तीय संकट

2121. श्रीमती कनिमोझी करूणानिधि

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि बड़ी संख्या में लघु और मध्यम उद्योग वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं और यदि हां, तो ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा इस क्षेत्रक को सुगमता से निधि उपलब्ध कराने के लिए कोई योजना आरंभ करने का विचार किया गया है/प्रमुख पहल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस संबंध में अन्य क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) और (ग) : वित्तीय दबाव की समस्या को कम करने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को निधि की सुगम उपलब्धता के लिए सरकार ने विभिन्न कदम उठाए हैं। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, ऋण गारंटी योजना, ब्याज छूट योजना, 59 मिनट ऋण पोर्टल और एमएसएमई समाधान पोर्टल इत्यादि शामिल है। इन पहलों का उद्देश्य मार्जिन मनी सब्सिडी, कोलेटरल मुक्त ऋण, पूंजी की सस्ती और तेज उपलब्धता और कुछ हद तक विलंबित भुगतान के मामलों को हल करना है।

*****